शोभायात्रा की झांकियों में जियो और जीने दो, पौधारोपण सहित मानव हित के संदेश दर्शाए



पाली में महावीर जयंती की शोभायात्रा में पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी सहित कई जनों ने भाग लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर में महावीर जयंती पर जैन समाज ने वरघोड़ा निकाला। फोटो-राष्ट्रदूत

सायला में पार्श्वनाथ जैन मंदिर से वरघोड़ा निकाला गया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर , (कासं)। जालोर शहर में गुरुवार को महावीर जयंती को लेकर जैन समाज कि ओर से शोभायात्रा निकाली गई।

जैन समाज की मंजू सोलंकी भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह हमारे जैन धर्म के 24 वें और अंतिम तीर्थंकर है इन्होंने सभी जीवो के प्रति अहिंसा का उपदेश दिया था महावीर जयंती के दिन भगवान महावीर के अनुयाई उनकी शिक्षाओं का स्मरण करते हैं। उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं, और श्रद्धा भाव से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। उनकी शिक्षा हमे सत्य, अहिंसा, और आत्म नियंत्रण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। इस दिन इनके अनुनाई दान भी करते हैं यह पर्व जैन समाज का सबसे प्रमुख पर्व है जो उनके जन्मदिन के उपलक्ष में मनाया जाता है। वरघोड़ा में जैन समाज के भाई व बहनें उपस्थित रहे।

सायला संवाददाता के अनुसार : सायला शहर में गुरुवार को जैन समाज सायला द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर वरघाडे के आयोजन किया गया।

वरघाडे को लेकर जैन समाज के श्रावक श्राविकाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर आम चौहटे पर स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर पहुंचे। जहां पर वरघोडे के निमित चढावे बोले गए। इसके बाद ढोल ढमाकों के साथ वरघोडा रवाना हुआ। वरघोडे में सुज्जित रथ पर भगवान महावीर की तस्वीर विराजमान थी। वहीं ढोल थाली की धुन पर श्रावक श्राविकाएं भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए झूमते हुए चल रहे थे। जबकि सुसज्जित घोडों पर लाभार्थी परिवार जिनशासन की पताका लहराते हुए चल रहे थे। वरघोडा जैन मन्दिर से रवाना होकर पोस्ट ऑफिस रोड, पुराना बस स्टैंड होते हुए सुपार्श्वनाथ जैन मन्दिर पहुंचा। मंदिर में दर्शन कर शीश नवाकर पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इसके बाद प्रभावना का वितरण किया। इस दौरान कुईयालाल कबदी, मांगीलाल लुंकड़, चंपालाल जैन, संघवी मांगीलाल फोलामुथा, महेंद्र चौपडा, गौतम कबदी, नागेश जैन, वस्तुपाल जैन, रमेश कबदी, किरण जैन, महेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, उत्तमचन्द जैन सहित समाजबन्धु मौजूद थे।

पाली संवाददाता के अनुसार : भगवान महावीर के 2654 वें जन्म कल्याण महोत्सव के अवसर पर जैन युवा संगठन के तत्वावधान में गुरुवार को सुबह 8 बजे बा गर मोहल्ला स्थित श्री संघ जैन सभा भवन से भगवान महावीर के जयकारों के साथ बैंड बाजा के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। करीब 51 झांकियां, रथ, भजन मंडली, 6 बैंड बाजे दो नासिक बैंड, पंजाबी पाइप बैंड, घोड़े बग्गी आदि शामिल थे। भगवान महावीर के जीवन को चरितार्थ करती झांकियां, जियो और जीने दो का संदेश, जीवन रक्षा के लिए पौधे लगाना, महिलाओं में शिक्षा, शाकाहार, अहिंसा, सत्य को दर्शाती झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। स्केटिंग करते बच्चे, जिसमें जैन युवा संगठन, महिला मंडल के बैंड के साथ जेसीआई महिला विंग की वाहन रैली , एक कलर की साड़ियां पहने त्रिशला महिला मंडल, दिगंबर जैन महिला मंडल, गुरु पुष्कर महिला मंडल, थली परिषद के सदस्य भजन गाते हुए चल रहे थे।

शोभायात्रा बागरमोला से गोल निंबड़ा, गजानन मार्ग बादशाह का झंडा, सराफा बाजार, पटवा बाजार धान मंडी, पुरानी सब्जी मंडी, राणा प्रताप चौक, डागा सर्कल होते हुए अनुवर्त नगर पहुंच समाप्त हुई। जहां पर प्रसादी का आयोजन हुआ।

पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा, अग्रवाल माहेश्वरी समाज द्वारा आइसक्रीम, दिगंबर जैन समाज जूस, धान मंडी में विश्व हिंदू परिषद द्वारा ठंडा पानी की बोतल, पुराना बस स्टैंड फ्रेंड्स क्लब द्वारा मिल्क रोज पिलाकर स्वागत किया गया। सभी जैन समाज संगठनों ने जुलूस का स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी, नेमीचंद चोपड़ा, श्री संघ सभा के सदस्य भी शोभा यात्रा में शामिल थे। पूरी यात्रा में जैन युवा संगठन के अध्यक्ष कल्पेश लोढ़ा सहित टीम का सहयोग रहा।

सार-समाचार

हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकलेगी

जैसलमेर, (नि.सं.)। शहर के गजटेड हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के प्रवेश द्वार को आकर्षक लाइटिंग से सजाया जाएगा तथा संपूर्ण मंदिर परिसर को सुंदर मालाओं से सजाया जाएगा। मदिर के प्रधान पुजारी किशनलाल शर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल को सुबह की आरती के पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जन्मोत्सव के अवसर पर संपूर्ण दिवस मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। शाम 7 बजे महाआरती के आयोजन के पश्चात महाप्रसादी वितरण तथा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।फोटो :जैसलमेर के गजटेड हनुमान जी

प्रजापत समाज की बैठक आयोजित

पाली, (नि.सं.)। सूरजपोल स्थित श्री श्रीयादे माता मंदिर में प्रजापत समाज की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। मंदिर अध्यक्ष भंवरलाल चंदवाड़िया ने बताया कि कार्यकारिणी के सभी सदस्यों की आम सहमति से मुकेश हाटवा को प्रजापत समाज का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया व 2 व 3 मई को आने वाली मंदिर की वर्षगांठ के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष फतेहराज नगरिया, सचिव दिनेश वरादना, खीमाराम लूणिया, हरिराम चंदवाड़िया, बस्तीराम चंदवाड़िया, चम्पालाल कुण्डलवाल, बाबूलाल हाटवा, जसराज, गिरधारीलाल, सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

संत कंवरराम की जयंती मनाई

पाली, (नि.सं.)। भारतीय सिंधु सभा पाली के तत्वाधान में सिन्धी कोलोनी स्थित सिन्धु भवन में गुरुवार शाम 5 बजे सिन्धी भाषा दिवस व संत कंवरराम की 140 वी जयंती समारोह मनाया गया। भारतीय सिन्धु सभा पाली के जिलाध्यक्ष राधाकिशन शिवनानी ने बताया कि इस अवसर पर सिन्धी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश पार्श्वनी व उपसभापति ललित प्रितमानी की अध्यक्षता व लक्ष्मी सम्भवाणी के संयोजन में सिन्धी संस्कृति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। सिन्धु सभा शहर अध्यक्ष जितेंद्र रामचंदानी ने बताया कि इस अवसर पर सिन्धी भाषा डिप्लोमा व एडवांस डिप्लोमा उत्तीर्ण संभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर शिक्षा मित्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी हरीश आसनानी, नत्थू भाई गंगवानी,सुरेंद्र निहलानी, कोकिला बहन नारवानी, हरीश गुरनानी, सुशील मूलचंदानी सहित कई जने मौजूद रहे।

शीघ्र होगा लूप लाइन का कार्य

पोकरण, (कासं)। पोकरण से सीधी ट्रेन भैरवगुफा कैलाश टेकरी - रामदेवरा हुई लूपलाइन मंजूर होने से क्षेत्र के लोगो को लाभ मिलेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वयं सोशल मीडिया के द्वारा लोगों को सौगात दी। अब सभी ट्रेनें जो रामदेवरा आती है अथवा पोकरण छोड़ जैसलमेर जाती है, वो पोकरण होकर ही जायेगी। इसके अतिरिक्त बीकानेर, जोधपुर की समस्त लम्बी दूरी की ट्रेनें भी पोकरण हो कर जैसलमेर पहुंचेगी। पोकरण शहर एवं आस-पास के सभी क्षेत्रवासियों को पैसेंजर यात्रियों को लाभ होगा। विष्णु अवतार बाबा रामदेव की कर्म भूमि व शक्ति व भक्ति स्थल परमाणु नगरी विश्व प्रसिद्ध शक्तिस्थल पावन तीर्थ स्थल पोखरण तक आने जाने वाले सभी श्रद्धालु, सुरक्षा सैनिकों व व्यापारियों को इसका फायदा मिलेगा। अब शीघ्र ही रेल लाइन बिछाने का कार्य शुरू होगा।

पाली सेवा मंडल में चिकित्सा शिविर कल

पाली, (नि.सं.)। नया गांव स्थित पाली सेवा मंडल अस्पताल में शनिवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रमोद जेथलिया ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिविर आयोजित होगा।

नरेगा योजना के कार्यों का समय परिवर्तित

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय परिवर्तित कर प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला परिषद् जालोर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक नंद किशोर राजौरा ने बताया कि जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय तुरन्त प्रभाव से प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक (विश्राम काल रहित) निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरांत एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर उपरांत कार्यस्थल छोड सकता है। यह व्यवस्था 15 जुलाई तक लागू रहेगी।

भाजपाइयों ने सेवा कार्य किए

भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत नगर मंडल जालोर ने कार्यक्रम आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व व जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देशानुसार भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष पर मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत भाजपा नगर मंडल जालोर द्वारा कई स्थानों पर सेवा कार्य किए गए।

पूर्व नगर अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने बताया कि कार्य म नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी के निर्देशन में किए गए। जिला मुख्यालय पर हर बूथ पर कार्यक्रम करने के लिए बूथ अध्यक्षों को सामग्री वितरण की गई साथ ही भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रचार किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद भी किया गया। सोलंकी ने साथ ही सभी को भगवान महावीर जयंती की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस दौरान बूथ अध्यक्ष दिनेश बारोट, रामाराम माली, चतराराम गहलोत, दिलीप सोलंकी, सुरेश चौधरी, अशोक गुर्जर, मनीष परमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सरकार का रास्ता खोलो अभियान शुरू

गुड़ामालानी, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा हाल में ही रास्ता खोलो अभियान आरम्भ किया गया है। इस अभियान के तहत कटान मार्गों पर अतिक्रमणों को हटा कर खातेदार के रास्ते खुलवाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान का आज गुडामलानी में आरम्भ किया गया।

इसके तहत गुडामलानी के पालियाली गांव में पिछले बजट घोषणा में एक उप स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत हुआ था। उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए निजी खातेदार द्वारा भूमि समर्पित की। लेकिन इस समर्पित भूमि पर बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र को कटान रास्ता नहीं था। इस रास्ते को ग्रामीणों ने भूमि समर्पित की। इस रास्ते पर पीडब्ल्यूडी ने सडक बनाना आरम्भ किया गया। इस सडक निर्माण पर कई लोगों ने विरोध किया और निर्माण बंद करवा दिया।

इसको देखते हुए एसडीएम गुडामलानी ने इस 2.5 किमी लंबे रास्ते पर आज पैमाईश करवाई और जेसीबी आदि से अतिक्रमण हटवाया। इससे गांव के सैकडों किसानों को लाभ होगा। इस रास्ते से उप स्वास्थ्य केंद्र और स्कूल को आने जाने की राह खुल गई।

इससे गांव वालों ने सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीना ने बताया कि सरकार की मंशा अनुसार आगे भी कटान रास्तों पर अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

एसडीएम गुड़ामालानी के साथ पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता मसराराम, पटवारी मोहनलाल और बाबूलाल और पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

पोकरण स्टेशन का निरीक्षण

नव नियुक्त जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक (डी.आर.एम.) अनुराग त्रिपाठी का पोकरण में लोगों ने स्वागत कर रेल सुविधाओं से संबंधित ज्ञापन दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

पोकरण, (निसं)। पोकरण शहर के लोगों के साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं डीआरयूसीसी के पूर्व सदस्य जुगल किशोर व्यास, प्रकाश गिरी महाराज ने गुरुवार को नव नियुक्त जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अनुराग त्रिपाठी का पोकरण आगमन पर भव्य स्वागत किया।

इस दौरान व्यास ने ज्ञापन सौंपकर मांग रखी कि ट्रेन संख्या 12407/12408 (बीकानेर-जैसलमेर एक्सप्रेस) की समयसारिणी में ऐसा बदलाव किया जाए जिससे इसे बीकानेर से हरिद्वार जाने वाली ट्रेन से जोडा जा सके। उन्होंने बताया कि यदि यह समायोजन किया जाता है, तो बीकानेर-जैसलमेर के साथ-साथ पोकरण, रामदेवरा और फलोदी जैसे इलाकों के यात्रियों को हरिद्वार के लिए सीधी रेल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसके लिए जैसलमेर की ओर से आने वाली ट्रेन को बीकानेर से एक घंटा पहले रवाना करने का सुझाव दिया गया। वहीं रुणिचा एक्सप्रेस का ठहराव पोकरण करने की मांग रखा।। डीआरएम त्रिपाठी ने इस सुझाव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए शीघ्र निर्णय का आश्वासन दिया। वही रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों देरीको लेकर नाराजगी जताई। पानी, सफाई, छाया की व्यवस्थाओं पर दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर निर्मल छगाणी ने स्टेशन पर टिन शेड, पुलिया निर्माण, एसी तत्काल आरक्षण सुविधा तथा साफ-सफाई को लेकर भी ज्ञापन सौंपा व व्यवस्था सुधारने की मांग की।

इस दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) मनोहर सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेडा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर जोगेंद्र मीणा, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अनुपम , पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास,प्रकाश गिरी, पूर्व विधायक शैतान सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मासहित कई जने उपस्थित रहे।

बार व बैंच के बीच दूरियां नहीं हो : हरिराम जाट

जालोर अभिभाषक संघ ने सेवानिवृत जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरिराम जाट का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। सेवानिवृत जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरिराम जाट का अभिभाषक संघ जालोर की ओर से अभिनंदन किया गया।

जिला एवं सैशन न्यायाधीश जाट जालोर में एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आए थे। अभिभाषक संघ जालोर की ओर से अभिभाषक कक्ष में अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता सिकंदर अली सैयद, सरदार खां खोखर, गोपालसिंह सहित अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। न्यायाधीश जाट ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बार और बेंच के बीच मधुर संबंध होने चाहिए, लेकिन वर्तमान में दोनों के बीच दूरियां बढ रही है। कारण कोई हो, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा कहा कि न्यायाधीश के तौर जाट का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा है। कार्यक्रम का संचालन अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित ने किया।

कार्यक्रम में सचिव प्रवीण कुमार भादरु, अधिवक्ता रजनीकांत सोनी, भंवरलाल सोलंकी, शकील मेहर, मंगलसिंह राजपुरोहित, चैनाराम चौधरी, दौलत बाराडा, नवीन गहलोत, प्रवीण कुमार घांची, फारुक कुरैशी, खसाराम परिहार, रमेश सोलंकी, पदमसिंह भाटी, गणपतसिंह नोरवा, सुरेंद्र चौहान, समीर खान खोखर, अनन्या खान, विक्रमसिंह गोविंदला, रणजीतसिंह, प्रवीण कुमार बोस, दिनेश कुमार, कैलाश बाराडा, गोवर्धनसिंह चवरछा, चंदनमल छीपा, अजय कुमार जाटव समेत कई जने उपस्थित थे।

जैन संघ ने शोभायात्रा व वाहन रैली निकाली

गुड़ामालानी , (निसं) । मुख्यालय पर गुरुवार को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर जैन श्री संघ बाड़मेर के तत्वावधान में शोभायात्रा एवं वाहन रैली निकाली गई। जगह जगह शौभायात्रा का ग्रामीणों ने स्वागत किया।

समाज के संजय बोथरा ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी कें 2624 वा जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में गुङामालानी में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। साध्वी भंगवत की निश्रा में जैन श्री संघ बाड़मेर कें तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो बाङमेर भवन सें प्रांरभ होकर नगर में मुख्य राणा प्रताप बाजार सें होतें हुए जैन दादावाडी सें होकर चौमुखा पार्श्वनाथ तक पहुंची।

प्रवचन के दौरान मुक्तांजना श्रीजी आदि ठाणा 5 नें भगवान महावीर स्वामी कें जीयों और जीनें दो के संदेश को सभी धर्मप्रेमी बंधुओ के सामने रखा । भगवान महावीर के बताएं गए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में शंकरलाल संखलेचा, बाबूलाल बी बोथरा, बाबूलाल धारीवाल,राणमल ओसवाल, बाबूलाल पी बोथरा, भगवानदास छाजेड़, बाबुलाल बोहरा, मदनलाल मालु, सम्पतराज सखलेचा, सुरेश बोथरा, केलाश मालु अभय सिधवी, महेंद्र बोकडीया, संजय बोथरा, केवलचन्द आदि ने भाग लिया।



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर के शोधार्थी दल ने भीनमाल में जूती निर्माण कला की बारीकियां समझी। चमडे के उत्पादों के निर्माण, कारीगरों की आर्थिक सामाजिक स्थिति व महिलाओं की आत्मनिर्भरता को लेकर चर्चा की। शोधार्थियों का दल सहायक आचार्य डॉ. आकांक्षा चौधरी एवं डॉ लइक सिद्दीकी के सुपरविजन में कार्य कर रहा है। दल में नेहा, ज्ञानचंद, श्वेता, वामा, जिकमिक, रिद्धि, मुकेश खारवाल, अरविंद शामिल है। फोटो-राष्ट्रदूत

सम्मेलन 15 को

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के राजीव गांधी भवन का लोकार्पण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन 15 अप्रेल को आयोजित होगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी के लिये विभिन्न ब्लॉकों एवं मंडलों की बैठक का दौर जारी है।

नोटिस वास्ते हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूचि संख्या-4
न्यायालय श्रीमान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, स्थान... नाम अधिकारी श्री पीयूष चौधरी RHJS), प्रार्थी/गण रूखमणाराम विरूद्ध प्रबन्धक रिलायंस एवं जनरल इंश्योरेंस वगैरा, प्रार्थना पत्र 372 हिन्दू उत्तराधिकारी, अधिनियम, प्रकरण 31/2024 नाम.... पुत्र.... जाति.... पता..... प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .....अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 19.05.2025 को 08 बजे स्वयं या अपने अभिभाषक द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि ऐसा करने मे असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जाएगा। आज दिनांक 29.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।
आज्ञानुसार
अपर जिला एवं सेशन न्यायालय, बाड़मेर